हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
25 अप्रैल 2024, समय 1305

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने आगामी लोकसभा चुनाव एवं गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते आमजन को लू से बचाने के लिए की गई आवश्यक तैयारियों को लेकर कल मंडलायुक्तों और उपायुक्तों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने आगामी लोक सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी उपायुक्तों से विस्तार से जानकारी ली।

मुख्यसचिव ने आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर पीने के पानी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने हर जिले में चिन्हित अपराध की श्रेणी में आने वाले मामलों की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बताया गया कि विभिन्न विभागों द्वारा 1 मार्च से अब तक राज्य में 4 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी, 8 करोड़ 17 लाख रूपए की शराब, 8 कारोड़ रूपए से अधिक के मादक पदार्थ, 1 करोड़ 73 लाख रूपए के बहुमूल्य धातु एवं 1 करोड़ 33 लाख रूपए की अन्य सामग्री सहित कुल 23 करोड़ 31 लाख रुपए का सामान एवं नकदी पकड़ी है।

इसके अतिरिक्त, बैठक में यह बताया गया कि ई.वी.एम. का पहला रैंडमाइजेशन 25 अप्रैल को निर्धारित है, दूसरा रैंडमाइजेशन सामान्य पर्यवेक्षकों के आने के बाद आयोजित किया जाएगा। जबकि पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों का पहला रैंडमाइजेशन 29 अप्रैल तक पूरा हो जाएगा और उनका प्रशिक्षण 11 मई तक समाप्त हो जाएगा।

मतदान दलों का दूसरा रैंडमाइज़ेशन, सामान्य पर्यवेक्षकों के आने के बाद किया जायेगा। राज्य में कुल 219 सहायक मतदान केंद्रबनाये जायेंगे।

....

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा हरियाणा के उपायुक्तों एवं सभी प्रशासनिक अधिकारियों के लू और गर्मी से बचाव के लिए कल दिये गए आवश्यक दिश निर्देशों पर अमल शुरूहो गया है।

जींद, कैथल, पंचकूला सहित लगभग सभी जिलों के उपायुक्तों ने सभी विभागों को एडवाइज़री जारी कर मुख्य सचिव के दिशा निर्देशों के अनुसार काम करने को कहा है।

जींद में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले के सभी पशु चिकित्सकों को सभी पशुपालकों को गर्मी के प्रकोप से पशुओं को बचाने के उपायों बारे विस्तार

से जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी पशु के लू लग जाये तो पशुपालक तुरंत नज़दीकी पशु चिकित्सा केंद्र में संपर्क कर सकते है।

कैथल के उपायुक्त प्रशांत पवार ने श्रम विभाग के अधिकारियों को उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए काम के दौरान विश्राम के लिए उचित जगह निर्धारित करवाने और उनके लिए पेयजल का प्रबंध काने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही श्रमिकों को लू से बचाव के बारे में जागरूक करने को भी कहा गया है। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को सभी स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में जरूरी दवाओं एवं ओ आर एस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और कृषि विभाग को किसानों की फसलों पर लू के पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जागरूक करने के निर्देश भी दिए है।

पंचकूला का उपायुक्त यश गर्ग ने बताया है कि जिला प्रशासन लू से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और सभी विभागों को इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश देए गए हैं।

....

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कल रोहतक में जनसंपर्क के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाये और महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं अपराध बढ़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सही कांग्रेस के चुनाव में मुख्य मुद्दे हैं।

श्री दीपेंद्र हुड्डा ने केंद्र सरकार पर कोरोनाकाल में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से चंदा लेने और लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

....

सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा पंचकुला जिले की मंडियों में अब तक 27, 120 टन गेहूं और 636 टन सरसों की खरीद की गई है और 631 टन सरसों और 11,989 टन गेहूं का उठान किया गया है।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि 27,120 टन गेहूं में से 12,245 टन गेहूं की खरीद रायपुररानी अनाज मंडी से और 14,100 टन गेहूं की खरीद बरवाला अनाज मंडी से की गई है।

....

भिवानी के चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर के दूसरे, चौथे, छठे व आठवें सैमेस्टर की मुख्य परीक्षाएं 2 मई से प्रारंभ होंगी। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. ऋतु सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को राहत देने के लिए प्रश्न पत्र के प्रारूप में बदलाव किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों के लिए पहला प्रश्न हल करना अनिवार्य है, इसके अतिरिक्त आठ प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न करने हैं। यह प्रारूप केवल इस बार की परीक्षा के लिए लागू किया गया है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा नियंत्रक डा. पवन गुप्ता द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। रि अपीयर परीक्षाओं की तिथियां बाद में जारी की जाएंगी।